( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 ) O.I.G.S. डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

सत्यमेव जयते

दो गज़ दूरी मास्क ज़रूरी

राजस्थान
# रोज़गार संदेश
(पाक्षिक)

दो गज़ दूरी मास्क ज़रूरी

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 43 अंक 23 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 15 जनवरी, 2021 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु

# प्रदेश में होगा सेना भर्ती रैली का आयोजन

राज्य में युवाओं का सेना में कैरियर के प्रति विशेष रूझान होता है। रोजगार के प्रयासों हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं माननीय मंत्री श्री अशोक चांदना, युवा व खेल, कौशल, रोजगार व उद्यमिता विभाग भी सेना भर्ती रैलियों के माध्यम से युवाओं के रोजगार के प्रति संकल्पबद्ध है। इस कड़ी में प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए आगामी महिनों में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती रैली एक बहुत बड़ा व महत्वपूर्ण आयोजन होता है। इसके माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 5000 युवाओं का विभिन्न पदों हेतु सेना में चयन होता है। वर्ष 2020-21 में कोविड संक्रमण के कारण सेना भर्ती रैली का आयोजन नही किया गया जिससे राजस्थान राज्य के युवा, रोजगार के एक अच्छे अवसर से वंचित हो रहे हैं। अब कोविड-19 के घटते प्रभाव के कारण राज्य सरकार के निर्देशानुसार सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाना है।

इस हेतु श्री नीरज के. पवन, शासन सचिव श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की अध्यक्षता में सेना के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ दिनांक 06.01. 2021 को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लिये गये निर्णयानुसार निम्नानुसार सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा।

| S.No | जिला | माह | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | उदयपुर | फरवरी 2021 | महाराणा प्रताप खेल गाँव, उदयपुर |
| 2 | जयपुर | मार्च 2021 | सी.आई.एस.एफ. कैम्पस, जयपुर |



सेना भर्ती रैली के आयोजन हेतु हुई बैठक में श्री नीरज के. पवन (शासन सचिव, श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग) ब्रिगेडियर एच.बी. ग्रामोपाध्याय एवं अन्य अधिकारीगण ।

बैठक में सेना भर्ती रैली के आयोजन हेतु कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन करने, रैली के समय आवश्यक कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराने, परिवहन के पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था, अभ्यर्थियों को ठहरने के लिए रैनबसेरों की व्यवस्था तथा प्रतिदिन एक निर्धारित संख्या में अभ्यर्थियों को बुलाने के निर्णय लिये गये है।

उक्त बैठक में श्री नीरज के. पवन, शासन सचिव सहित ब्रिगेडियर एच.बी. ग्रामोपाध्याय Deputy Director General, Recruiting (Rajasthan), HQ Recruiting Zone, Jaipur कर्नल. हिमांशु मिश्रा Director Recruiting State, Rajasthan, HQ Recruiting Zone, Jaipur कर्नल प्रभु Director Recruiting, Jaipur श्री नमित मेहता, जिला कलेक्टर बीकानेर, श्रीमती नलिनी कठोतिया संयुक्त शासन सचिव, गृह विभाग, श्री महेश शर्मा निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर, श्री बीरबल सिंह ए.डी.एम., जयपुर, श्री संजय कुमार ए.डी.एम., उदयपुर, श्री उम्मेदी लाल ए.डी.एम., अलवर, श्री प्रवीण माथुर उपनिदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर, श्रीमती नवरेखा, जिला रोजगार अधिकारी, जयपुर, श्रीमती सुमन कुम्पावत, जिला रोजगार अधिकारी, जयपुर आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET) — 2021

## RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS (REET)-2021

## (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर)

राजीव गाँधी विद्या भवन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइन्स, अजमेर–305001
Website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in/reet2021, Email ID : reetbser@gmail.com
फोन नं. (0145) 2630436, 2630437

### विज्ञप्ति संख्या : 01/2021

**राजस्थान सरकार** के निर्देशानुसार "राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2021" के आयोजन के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर नोडल एजेंसी है। यह परीक्षा **25 अप्रेल, 2021** (रविवार) को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**1. पात्रता** : निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा (23) की उप धारा (1) के अन्तर्गत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अधिसूचना दिनांक 23, अगस्त 2010 (सपठित 29 जुलाई 2011) एवं समय–समय पर जारी अधिसूचनाओं द्वारा संशोधित मापदण्डानुसार व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार ''राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा, 2021'' में सम्मिलित होने हेतु योग्यताएँ एवं न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित है, जिसकी विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाईट पर दिनांक 11.01.2021 से उपलब्ध रहेगी।

**2. ऑनलाइन आवेदन एवं REET-2021 परीक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैं :**

| | |
|---|---|
| **ऑन–लाईन आवेदन पत्र की उपलब्धता** | **दिनांक 11.01.2021 से 08.02.2021(रात्रि 12.00 बजे तक)** |
| **चालान मुद्रित कर निर्धारित बैंकों की शाखा पर शुल्क जमा कराने की आरम्भ एवं अन्तिम तिथि** | **दिनांक 11.01.2021 से 04.02.2021 तक** |
| **वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि** | **14.04.2021 से** |
| **परीक्षा तिथि** | **25.04.2021 (रविवार)** |

**3. ऑन–लाईन आवेदन प्रक्रिया :–** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2021 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in/reet2021 पर ऑन–लाईन भरे जायेंगे। इस हेतु अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों तक वेबसाइट पर ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरें। ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरने के लिए अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। ऑन–लाईन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थी को सर्वप्रथम नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का स्तर (Level) एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर सम्बन्धित बैंक/ऑन–लाईन भुगतान का चुनाव कर परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। बैंक से शुल्क का सत्यापन (Verification) होने के पश्चात ही अभ्यर्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगा। शुल्क का सत्यापन वेबसाईट पर चालान नम्बर अंकित कर जाना जा सकेगा।

**4. परीक्षा शुल्क :–**

आवेदक अपनी पात्रता के अनुरूप निम्नानुसार परीक्षा शुल्क निर्धारित बैकों के माध्यम से चालान/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिग/ई–मित्र से जमा करा सकेगें।

- ➢ स्तर प्रथम अथवा स्तर द्वितीय (केवल एक परीक्षा) हेतु : रूपये 550/–
- ➢ स्तर प्रथम एवं स्तर द्वितीय (दोनों परीक्षाओं) हेतु : रूपये 750/–

**5. राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET-2021) की संरचना एवं विषयवस्तु परीक्षा पाठ्यक्रम (विस्तृत पाठ्यक्रम बोर्ड की वेबसाईट पर देखें)**

**स्तर प्रथम – (कक्षा 1 से कक्षा 5वीं तक) अधिकतम अंक : 150, समय 2.30 घण्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड– I | बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– II | भाषा–I (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– III | भाषा–II (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– IV | गणित | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– V | पर्यावरण अध्ययन | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |

**स्तर द्वितीय – (कक्षा 6 से कक्षा 8वीं तक) अधिकतम अंक : 150 समय 2.30 घण्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड– I | बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– II | भाषा–I (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– III | भाषा–II (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/पंजाबी/गुजराती) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड– IV | (अ) गणित एवं विज्ञान के शिक्षक हेतु – IV (अ) गणित एवं विज्ञान विषय<br>या<br>(ब) सामाजिक अध्ययन के शिक्षक हेतु – IV (ब) सामाजिक अध्ययन विषय<br>या<br>(स) अन्य विषय के शिक्षक हेतु – IV (अ) अथवा IV (ब) में से कोई एक | 60 बहु विकल्प प्रश्न | 60 अंक |

**6. परीक्षा प्रक्रिया एवं आयोजन :–**

I. **परीक्षा की दिनांक** :– 25 अप्रेल, 2021 (रविवार)

II. **समय :** प्रथम पारी परीक्षा : **स्तर द्वितीय** (कक्षा–6 से 8) – प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक
द्वितीय पारी परीक्षा : **स्तर प्रथम** (कक्षा–1 से 5) – अपरान्ह 2.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक

**नोटः–** ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने प्रथम स्तर व द्वितीय स्तर दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है उन्हें दोनों परीक्षाओं के निर्धारित समय पर परीक्षा देनी होगी। किसी भी अभ्यर्थी को सम्बंधित परीक्षा की निर्धारित अवधि समाप्त होने से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

III. **परीक्षा प्रवेश पत्र** :– REET कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र http://rajeduboard.rajasthan.gov.in/reet2021 वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाऐंगे। इस बाबत सूचना समाचार पत्रों एवं वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाएगी। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर प्रवेश पत्र सम्बन्धी सूचना ई–मेल अथवा मोबाइल नम्बर पर संदेश (SMS) से भी भेजी जा सकती है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते है, इस हेतु आवेदन पत्र तथा चालान की प्रति सुरक्षित रखें। डाक द्वारा प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएगें।

**नोटः–** 1. ऑन–लाईन आवेदन पत्र हेतु शैक्षणिक अर्हता, पात्रता मापदण्ड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा संरचना, परीक्षा का विस्तृत पाठ्यक्रम, परीक्षा का स्वरूप, प्रक्रिया एवं आयोजन तथा अन्य शर्तो सहित विस्तृत दिशा निर्देश उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**2. ऑन–लाईन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से किये गए आवेदन पत्र स्वीकार एवं विचारणीय नहीं होंगे।**

3. इस परीक्षा के संबंध में अन्य अग्रेतर दिशा निर्देश वेबसाइट/समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर सूचित किए जाएंगे।

4. परीक्षार्थी ऑन–लाईन आवेदन करते समय विषय चयन सहित सभी विवरण सावधानी पूर्वक एवं त्रुटि रहित भरें।

5. ऑनलाइन भुगतान अथवा चालान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात भी यदि आवेदन पत्र का प्रिंट नहीं निकलता है तो निर्धारित अवधि में वेबसाइट पर दिये गये दूरभाष/मोबाइल नम्बर पर संपर्क करें।–

**समन्वयक**
राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा(REET)–2021

## राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, अजमेर

## National Institute of Electronics & Information Technology, Ajmer

(इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार)
ग्राम-कोहड़ा, कोटा मार्ग, केकरी, अजमेर-305408 (राजस्थान)

**अल्पावधि एनएसक्यूएफ पंक्तिबद्ध कौशलोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना**

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि घंटों में (सप्ताह/माह में) | पात्रता | शुल्क (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय स्वचलन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सीसीओए)* | 80 (4 सप्ताह) | न्यूनतम 10+2 उत्तीर्ण | 3000/- + जीएसटी |
| 2. | वेब डिज़ाइनिंग में प्रमाणित पाठ्यक्रम | 80 (4 सप्ताह) | बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान | 3000/- + जीएसटी |
| 3. | कंप्यूटर अनुप्रयोग लेखाकरण एवं प्रकाशन में प्रगत डिप्लोमा | 200 (2 माह) | 10+2 के साथ बुनियादी कंप्यूटर तथा इंटरनेट का ज्ञान | 5000/- + जीएसटी |
| 4. | प्रमाणित मल्टीमीडिया डेवलपर | 200 (2 माह) | न्यूनतम 10+2 उत्तीर्ण | 3000/- + जीएसटी |
| 5. | फोटोकॉपियरों तथा प्रिंटरों का संस्थापन एवं अनुरक्षण | 200 (2 माह) | 8वीं/आईटीआई | 6000/- + जीएसटी |
| 6. | पीसी असेंबली एवं अनुरक्षण में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | 80 (2 सप्ताह) | 10वीं | 3000/- + जीएसटी |
| 7. | वैयक्तिक कंप्यूटर की असेंबली एवं अनुरक्षण | 240 (6 माह) | 10वीं/10+2/आईटीआई/ पॉलीटेक्निक डिप्लोमा/स्नातक | 10,000/- + जीएसटी |
| 8. | सोलर पावर संस्थापन, प्रचालन एवं अनुरक्षण | 80 (4 सप्ताह) | 10+2, डिप्लोमा/कोई स्नातक | 5000/- + जीएसटी |
| 9. | इंटरनेट आफ थिंग्ज (आईओटी) स्नातकोत्तर डिप्लोमा | 470 (12 माह) | बी.ई./बी.टेक/एम.ई/एम.टेक/एमएससी | 12,500/- + जीएसटी |
| 10. | एनआईईएलआईटी- "ओ" लेवल | 480 (12 माह) | 10+2/कक्षा 10 के पश्चात आईटीआई प्रमाणपत्र | 12,500/- (किस्तों में भुगतान किया जा सकता है) |
| 11. | कंप्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (सीसीसी)* | 80 (4 सप्ताह) | 10वीं उत्तीर्ण | 2000/- + जीएसटी |
| 12. | बुनियादी कंप्यूटर पाठ्यक्रम (बीसीसी) | 36 (दो सप्ताह) | कोई न्यूनतम योग्यता नहीं | 1200/- + जीएसटी |
| 13. | कंप्यूटर अवधारणाओं में जागरूकता (एसीसी) | 20 (एक सप्ताह) | कोई न्यूनतम योग्यता नहीं | 1702/- |
| 14. | एनआईईएलआईटी 'ए' लेवेल | 480 (01 वर्ष) | ओ-लेवल/पॉली इंजी. डिप्लोमा/ (10+2 के पश्चात)/स्नातक | 25,000/- (दो किस्तों में भुगतान किया जा सकता है) |

- सीसीसी पाठ्यक्रम एवं एनआईईएलआईटी 'ओ' लेवेल पाठ्यक्रमों को राजस्थान सरकार तथा अनेक अन्य राज्य सरकारों एवं संगठनों द्वारा विभिन्न पदों के लिए योग्यता के रूप में मान्यताप्राप्त है.
- सीसीसी पाठ्यक्रम का अध्ययन प्रत्यायित एनआईईएलआईटी केंद्रों में भी किया जा सकता है तथा सरलीकरण केंद्रों द्वारा पंजीकरण किया जा सकता है.
- एनआईईएलआईटी प्रत्यायित केंद्रों के माध्यम से 44 एनएसक्यू एफ (राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा) कौशलोन्मुखी पाठ्यक्रम भी ऑफर करता है. (**http://www.nielit.gov.in/content/nsqf**). एनएसक्यूएफ पाठ्यक्रमों के लिए एनआईईएलआईटी के साथ प्रत्यायित होने हेतु इच्छुक कोई भी संस्थान राजस्थान तथा गुजरात राज्य के लिए एनआईईएलआईटी अजमेर में संपर्क कर सकता है.
- बाहरी उम्मीदवारों के लिए भुगतान आधार पर एक सीमित आवासीय सुविधा उपलब्ध है.
- *के रूप में चिन्हित पाठ्यक्रम एनआईईएलआईटी पाली (महावीर कॉलेज भवन, मानपुरा भाकरी, निकट सदर पुलिस थाना, पाली, राजस्थान-306401) में भी उपलब्ध हैं. (वेब :- **http://nielit.gov.in/pali**/संपर्क 02932-284805)

**"सभी पाठ्यक्रम ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली के अन्तर्गत भी उपलब्ध हैं"**

अन्य विवरणों के लिए देखें हमारी वेबसाइट **http://nielit.gov.in/ajmer**/अथवा प्रशिक्षण समन्वयक से संपर्क करें (**trg.ajmer@nielit.gov.in**)-7665866585, 9414267220

Abridged Notification

## RAJASTHAN HIGH COURT, JODHPUR

Notification No.: RHC/Exam Cell/RJS/DJC/2021/06 Dated: 05.01.2021

**COMPETITIVE EXAMINATION FOR DIRECT RECRUITMENT TO THE CADRE OF DISTRICT JUDGE, 2020**

On-line Applications are invited in the prescribed format from the eligible Advocates for direct recruitment for the following vacant posts in the District Judge Cadre of Rajasthan Judicial Service in accordance with the provisions of Rajasthan Judicial Service Rules, 2010 (As amended) in pay scale of Rs. 51550-1230-58930-1380-63070:

**PARTICULARS OF VACANCIES AND RESERVATION:**

| Total Number of Vacancies | Year | General | Reserved | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SC | ST | OBC | EWS | MBS |
| 60 | 2020-21 | 23 | 09 | 07 | 12 | 06 | 03 |
| 02 | 2019-20 | 02 | - | - | - | - | - |
| 23 | Backlog vacancies | - | 13 | 10 | - | - | - |

**Note:-** (1) Out of 60 vacancies for the year 2020-21, 03 posts are reserved for persons with Benchmark Disabilities.
(2) For horizontal reservation and other information please see detailed Notification uploaded on the official website of Rajasthan High Court i.e. **http://www.hcraj.nic.in**

**IMPORTANT DATES:**

| Sr. No. | Particulars | Date |
|---|---|---|
| 1. | **Time Limit** for filling-in the On-line Application | From 01.00 pm on **27.01.2021 (Wednesday) to** 05:00 pm on **27.02.2021 (Saturday)** |
| 2. | **Time Limit** for deposition of examination Fee | From 01.00 pm on **27.01.2021 (Wednesday) to** 11:59 pm on **28.02.2021 (Sunday)** |

**REGISTRAR (EXAMINATION)**

रा.रो.सं 02/2021

## RAJASTHAN STATE GANGANAGAR SUGAR MILLS LTD. (RSGSML)

**4th Floor, Nehru Sahkar Bhawan, Bhawani Singh Road, Jaipur-302006 (Rajasthan)**
**CIN : U15421RJ1945SGC000285**

## VACANCY - ASSISTANT DISTILLERY CHEMIST JUNIOR PA (ENGLISH) & LABORATORY ASSISTANT

RSGSML is a Rajasthan State Government PSU. Applications are invited to fill up the posts of **Assistant Distillery Chemist, Junior PA (English) & Laboratory Assistant.** Prescribed general conditions, qualifications, remuneration & other information are available on website https://rajexcise.gov.in/RSGSMWEB/Website/Default.aspx. Aspiring candidate must apply online latest by **07.02.2021**

**General Manager**

रा.रो.सं 03/2021

## बेरोजगारी भत्ते से मिली जीवन को नई दिशा



प्रार्थी का नाम - श्री महेन्द्र चौहान

**सक्सेस स्टोरी**

मैं महेंद्र चौहान पुत्र श्री पुरुषोत्तम चौहान निवासी बागीदौरा, अपने स्नातक करने के पश्चात् ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लग गया। इसी क्रम में मैंने जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का लाभ सितम्बर 2019 से अगस्त 2020 तक प्राप्त हुआ जिसकी वजह से किताबें व परीक्षा की तैयारी हेतु जरूरी सामान खरीदने में आसानी हुई। मेरा राज्य सेवा में क. सहायक के पद पर चयन हो गया है। इसके लिए मैं जिला रोजगार कार्यालय, बांसवाड़ा व राजस्थान सरकार का सहृदय धन्यवाद देता हूँ।



प्रार्थी का नाम - श्री जीतमल खड़िया

**सक्सेस स्टोरी**

मैं जीतमल खड़िया पुत्र श्री मदनलाल खड़िया निवासी जुना खेड़ा, अपने स्नात्कोत्ता उपाधि करने के पश्चात् प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लग गया। इसी क्रम में मैंने जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का लाभ अगस्त 2019 से अगस्त 2020 तक प्राप्त हुआ जिसकी वजह से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु बांसवाड़ा जिले में कमरा किराया लेकर कोचिंग शुरू कर दी एवं परीक्षा उत्तीर्ण करने में आसानी हुई। मेरा राज्य सेवा में अध्यापक ग्रेड-2 के पद पर चयन हो गया है। इसके लिए मैं जिला रोजगार कार्यालय, बांसवाड़ा व राजस्थान सरकार का सहृदय धन्यवाद देता हूँ।

## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक


## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**हरी राम बडगूजर**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in